उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 5100 /चयन/54–2020/ 2020–21 दिनांक 23-06- 2020

विज्ञप्ति

दिनांक 2 जनवरी 2020 से दिनांक 21.03.2020 के मध्य विज्ञापन वर्ष 2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संवर्ग के उर्दू, संगीत वादन, संगीत गायन, सिलाई, कृषि, वाणिज्य, बांग्ला, गणित, शारीरिक शिक्षा एवं गृहविज्ञान कुल 10 विषयों तथा प्रवक्ता संवर्ग के उर्दू, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, संगीत वादन, संगीत गायन, कृषि, जीवविज्ञान, सैन्यविज्ञान, वाणिज्य, तर्कशास्त्र, भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र, भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षा एवं गृहविज्ञान कुल 21 विषयों के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके है, इन सभी विषयों के अन्तिम चयन परिणाम क्रमशः दिनांक 28 फरवरी 2020, 19 मार्च 2020 एंव 21 मई 2020 को घोषित किये जा चुके हैं।

इन विषयों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(9) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार साक्षात्कार के समय विज्ञापित संस्थाओं की अधिमानता आनलाइन भरी गयी थी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदित आरक्षण श्रेणी का ही विद्यालय संस्था आवंटन हेतु तत्समय प्रदर्शित किया गया था।

अन्तिम चयन परिणाम में कतिपय आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित है परन्तु सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता न होने के कारण उनकी अधिमानता अब शून्य है।

उपर्युक्त के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया किः–

1. मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में आरक्षित श्रेणी के जो अभ्यर्थी चयनित होगें उनके लिए सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता आनलाइन भरने का अवसर पुनः दिया जायेगा तत्पश्चात् संस्था आवंटन किया जायेगा। **इसलिए मात्र आरक्षित श्रेणी (OBC, SC, ST) के ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित है, उन्हें ही सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता का आनलाइन विकल्प प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 23.06.2020 से दिनांक 30.06.2020 तक का समय प्रदान किया जाता है।** अधिमानता आनलाइन भरने का लिंक चयन बोर्ड की अधिकारिक बेवसाइट www.upsessb.org पर उपलब्ध है जिस पर जाकर अभ्यर्थी अपनी अधिमानता भर सकते हैं।
2. टी0जी0टी0 शारीरिक शिक्षा के अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष उपर्युक्त विषयों के सामान्य श्रेणी में चयनित आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त निर्धारित अवधि में आनलाइन अधिमानता अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें, अन्यथा अधिमानता शून्य मानते हुए संस्था आवंटन कर दिया जायेगा। इसके पश्चात् इस संदर्भ में कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नही होगा।
3. प्रशिक्षित स्नातक शारीरिक शिक्षा विषय के अभ्यर्थियों को अधिमानता आनलाइन भरने हेतु अवसर बाद में प्रदान किया जायेगा।

भवदीय

23-06-2020

उपसचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।